समाचार

प्लास्टिक फ्री कोरबा, स्वच्छ सर्वेक्षण 2020

# स्वच्छ सर्वेक्षण एवं प्लास्टिक फ्री कोरबा के लक्ष्य को प्राप्त करने पूरी इच्छाशक्ति से कार्य करें–आयुक्त

(आयुक्त श्री राहुल देव ने आज स्वच्छता कमाण्डो एवं सोशल मीडिया सेल की ली बैठक)



कोरबा 07 सितम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के स्वच्छता कमाण्डो व सोशल मीडिया सेल के सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक से कोरबा को मुक्त कराने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में उच्च रैंकिंग प्राप्त करने की दिशा में पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें, व्यापक जनजागरूकता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को इस महाअभियान से जोड़े।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के स्वच्छता कमाण्डो एवं सोशल मीडिया सेल के सदस्यों की बैठक ली, उन्होने इनका मार्गदर्शन करते हुए कहा कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है, प्लास्टिक एक ओर जहां मानव स्वास्थ व पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक है, वहीं दूसरी ओर साफ–सफाई व्यवस्था पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, प्लास्टिक सैकड़ों वर्षो तक सड़ता गलता नहीं है और नष्ट नहीं होता, प्लास्टिक का उचित निष्पादन एक गंभीर समस्या है। इससे मुक्ति पाने का एक ही तरीका है कि इसका उपयोग पूर्ण रूप से बंद किया जाए, लोग स्वस्फूर्त सामने आएं, अपनी जागरूकता दिखाएं एवं प्लास्टिक का उपयोग अपने दैनिक जीवन में न करने का संकल्प लें। उन्होने उपस्थित सदस्यों से कहा कि इस दिशा में व्यापक जनजागरूकता लाने, सभी आवश्यक कदम उठाएं तथा पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें।

<u>स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में उच्च रैंकिंग का संकल्प लें</u>– आयुक्त श्री राहुल देव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 का स्वच्छ सर्वेक्षण दिसम्बर, जनवरी के मध्य्य संपादित होने जा रहा है, अपने कोरबा शहर को

उच्च व सम्मानजनक रैंकिंग प्राप्त हो, यह हम सब के लिए गौरव का विषय होगा। हम सभी संकल्प लें कि अपने शहर को उच्च रैंकिंग दिलाकर रहेंगे। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि इस हेतु स्वच्छता कमाण्डों एवं सोशल मीडिया के सदस्य व्यापक जनजागरूकता लाने एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करें।

**रैली, परिचर्चा, नुक्कड़ नाटकों का आयोजन करें**– आयुक्त श्री देव ने निर्देश देते हुए कहा कि स्लम बस्तियों, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों, स्कूल, कालेज आदि में प्लास्टिक प्रतिबंध एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 पर आधारित रैली, परिचर्चा, गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन करें तथा दृश्य–श्रव्य माध्यमों से प्रचार प्रसार का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि स्वसहायता समूह के सदस्यों का सहयोग लें, साथ ही निगम के सफाईमित्रों व सभी अधिकारी कर्मचारियों को इस अभियान से जोड़े।

**वार्ड स्वच्छता कमेटी का गठन करें**– आयुक्त श्री देव ने निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में वार्ड के एक्टिव लोगों की एक वार्ड स्वच्छता समिति का गठन करें तथा इस समिति के माध्यम से सभी आवश्यक गतिविधियों का संचालन करते हुए आमजन के बीच व्यापक जनजागरूकता लाएं। उन्होने कहा कि स्कूलों में स्वच्छता समिति का गठन पूर्व से ही कर दिया गया है, इन समितियों को सक्रिय करें, जो स्कूलों एवं आसपास के क्षेत्रों में संबंधित गतिविधियां संचालित कराएं।

**सितम्बर माह में होगी विविध प्रतियोगिताएं**– प्लास्टिक फ्री कोरबा की थीम पर सितम्बर माह में स्कूल, कालेज में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, स्कूलों के लिए तय कार्यक्रम के अनुसार 14 सितम्बर तक कक्षा पांचवी से आठवीं एवं कक्षा नवमीं से बारहवीं के छात्र–छात्राओं के मध्य पेटिंग प्रतियोगिता होगी, साथ ही 14 सितम्बर तक ही कक्षा पांचवी से आठवीं के मध्य मीम्स स्लोगन राईटिंग की प्रतियोगिता संपादित होगी, इसी प्रकार 21 सितम्बर तक कक्षा नवमीं से बारहवीं के मध्य वीडियो मेकिंग तथा कक्षा पांचवीं से आठवीं व नवमीं से बारहवीं के मध्य रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होगी। कालेजों के लिए तय कार्यक्रम के अनुसार 14 सितम्बर तक पेटिंग, मीम्स स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता एवं 21 सितम्बर तक वीडियो मेकिंग, नुक्कड नाटक व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।